राजस्थान पत्रिका - 19.3.2019

स्थानीय कवि देंगे प्रस्तुतियां

स्थानीय प्रतिभाएं होंगी सम्मानित

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

उदयपुर. विश्व हिंदी परिषद का क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह मंगलवार को उदयपुर में होगा। परिषद के महासचिव डॉ. विपिन कुमार ने बताया कि उदयपुर में साहित्य क्षेत्र में बड़ी संख्या में प्रतिभाएं हैं, इसलिए इसका चयन सम्मेलन के लिए किया गया। उन्होंने कहा कि मंगलवार अपराह्न 3 बजे से शुरू होने वाले आयोजन में स्थानीय रचनाकार कविता पाठ करेंगे।

बाद में क्षेत्रीय राजभाषा सम्मान समारोह और अंत में होली मिलन होगा। उन्होंने बताया कि उदयपुर के साहित्यकार, लेखक, कवियों का बहुत बड़ा नाम है। ऐसे में विश्व हिंदी परिषद उनका सम्मान कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए कृत संकल्पित है।

साहित्यकार सकुंतला सरूपरिया ने कहा कि आयोजन में जिले के कई साहित्यकारों को सम्मान होगा।

जल्द ही संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा में होगी हिंदी

परिषद के महासचिव ने कहा कि हिंदी को जल्द ही संयुक्त राष्ट्र संघ में भाषा का दर्जा मिलेगा। हाल ही मॉरिशियस में सरकार ने हिंदी और भारतीय संस्कृति विषय को लेकर बड़ा आयोजन किया है जिसमें पूरी दुनिया के लोगों ने हिस्सा लिया था। पूरी दुनिया भारतीय संस्कृति को जानना चाहती है। प्रधानमंत्री ने भी संयुक्त राष्ट्र संघ में हिंदी में भाषण दिया। वह दिन दूर नहीं जब पूरी दुनिया हमारी भाषा को देखेगी, समझेगी और सीखेगी।

समाचार का वीडियो देखने के लिए स्कैन करें...

दैनिक भास्कर - 19.3.2019

क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन और सम्मान समारोह आज

संगोष्ठी के बाद शहर के रचनाकार करेंगे काव्यपाठ, होगा होली मिलन भी

एजुकेशन रिपोर्टर | उदयपुर

विश्व हिंदी परिषद का क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन और सम्मान समारोह मंगलवार को व्यू होटल, प्रताप नगर में होगा। इसमें हिंदी भाषी समाज की संस्कृति और सामाजिक सरोकार विषयक संगोष्ठी भी होगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के शिक्षा संस्कृति प्रकल्प के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी करेंगे। जबकि मुख्य अतिथि सेवा भारती के अध्यक्ष प्रो. पी.के. दशोरा, विशिष्ट अतिथि राजस्थानी भाषा साहित्य और संस्कृति अकादमी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देव कोठारी, राजस्थान साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. इंदुशेखर तत्पुरुष होंगे। परिषद के विपिन कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान शहर के प्रख्यात रचनाकारों का कवि सम्मेलन और उसके बाद होली मिलन होगा। आकाशवाणी उदयपुर केंद्र के पूर्व निदेशक माणिक आर्य, डॉ. शकुंतला सरूपरिया, डॉ. देवेंद्र इंद्रेश, डॉ. जयप्रकाश ज्योतिपुंज, कवयित्री डॉ. विमला भंडारी, पूर्व डीआईजी-जेल प्रीता भार्गव, डॉ. कुंजन आचार्य, गौरीकांत शर्मा, चित्रकार हंसा रवींद्र को सम्मानित किया जाएगा।

2 उदयपुर एक्सप्रेस 19.3.2019

विश्व हिंदी परिषद द्वारा क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आज

उदयपुर। विश्व हिंदी परिषद की ओर से स्थानीय वैली व्यू होटल, प्रताप नगर में 19 मार्च को अपराह्न 3 बजे क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में हिंदी भाषी समाज की संस्कृति और सामाजिक सरोकार विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी अध्यक्षता संघ के शिक्षा संस्कृति प्रकल्प के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी करेंगे। मुख्य अतिथि महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं वर्तमान में सेवा भारती के अध्यक्ष प्रो पीके दशोरा, राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर देव कोठारी, राजस्थान साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर इंदु शेखर तत्पुरूष होंगे।

आयोजन की रूपरेखा को लेकर सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में परिषद के विपिन कुमार ने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए परिषद की गतिविधियों एवं सम्मान समारोह के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान शहर के प्रख्यात कवियों द्वारा कवि सम्मेलन व तत्पश्चात होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर शहर के जाने माने लेखक, कवि, साहित्यकार एवं पत्रकार यथा आकाशवाणी उदयपुर के पूर्व केंद्र निदेशक माणिक आर्य, सम्पादक - तनिमा, कवियत्री, मंच संचालक एवं गायिका डॉ शकुंतला सरूपरिया, ख्यातिप्राप्त व्यंग्यकार डॉ देवेंद्र इंद्रेश, -मीरा पुरस्कार साहित्य अकादमी से पुरस्कृत डॉ. जयप्रकाश ज्योतिपुंज, वरिष्ठ बाल साहित्यकार कवियत्री डॉ विमला भंडारी, कवियत्री, कहानीकार व पूर्व डीआईजी जेल श्रीमती प्रीता भार्गव, ड मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष ॉ कुंजन आचार्य, सूचना एवं जनसम्पर्क उपनिदेशक गौरीकांत शर्मा, कवयित्री एवं चित्रकार श्रीमती हंसा रविंद्र को सम्मानित किया जाएगा।